| | |
|---|---|
| 1. | Total income from Operations |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the per… Exceptional and / or Extraor… |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the per… (after Exceptional and / or Ex… |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the per… (after Exceptional and / or Ex… |
| 5. | Total Comprehensive Income… [Comprising Profit / (Loss) fo… and Other Comprehensive In… |
| 6. | Equity share capital (Face va… |
| 7. | Earnings Per Share (Face Va… (not annualised) Basic: Diluted: |

**Notes :**

1. The above is an extract of the unau… have been reviewed by the Audit… under Regulation 33 of the SEBI (L… of the aforesaid financial results a… National Stock Exchange of India L…
2. The Company has adopted the In… have been prepared in accordance…
3. The financial results relating to the… Standards (Ind-AS) are not requir… management has exercised neces… its affairs in accordance with the Co…

11.3%

Net Sales grov…

**New Delhi**
**4th November, 2016**

MAGIC MOMENTS
Old Admiral

…ation 47 of … Disclosure … that Board … n Monday … at Sandhi … er alia, to … Company's … quarter and … 6.
… website of … where the … hall also be … Company

…S LIMITED
sd/-
R.P. Singh
Executive …
…tor & CFO

## LORDS CHLORO ALKALI LIMITED

(CIN : L24117RJ1979PLC002099)

**Regd. Office :** SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
**Corp. Office :** A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110024
**Phone:** 011-46865999, 41627937; **Fax:** 011-46865930
**Web:** www.lordschloro.com; **E-mail :** secretarial@lordschloro.com

### NOTICE

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the Meeting of Board of Directors of the Company will be held on **Friday, 11th day of November, 2016** at Corporate Office at A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi – 110024, to, inter-alia, consider, approve and take on record Un-Audited Financial Results of the Company for the Second Quarter/ Half year ended on 30th September, 2016. The said Notice may be accessed on the Company's Website i.e. www.lordschloro.com and may also be accessed at Stock Exchange Website at www.bseindia.com.

**By Order of the Board of Directors**
**For Lords Chloro Alkali Limited**
**Sd/-**
**Ajay Virmani**
**Managing Director**

**Place : New Delhi**
**Date : 4th November, 2016**

## New Okhla Industrial Development Authority

noida

Administrative Building, Sector-6, NOIDA - 201301 (U.P.)
Website : www.noidaauthorityonline.com

### E-TENDER NOTICE

E-Tenders are invited from firms/ contractors registered with UPLC Lucknow for the following jobs against which bids can be uploaded and same shall be opened /downloaded as per schedule mentioned. The details and conditions of all tenders are available on Noida Authority's official website : **www.noidaauthorityonline.com** & **https://etender.up.nic.in** Please ensure to see these websites for any changes/ amendments & corrigendum etc.

**(1) 26/CE-JAL/AO/PE/E/M-I/2016-17 (2) 31/CE(C)PE(WC- 9) /2016-17 (3) 71/CE-JAL/AO/PE/E/M-III/2016-17 (4) 73/CE-JAL/AO/PE/E/M-III/2016-17 (5) 470/CE-JAL/AO/PE/E/M-I/2016-17** Which can be uploaded by date 15/11/2016 upto 5.00 PM. Pre-qualification shall be opened/downloaded on date 16/11/2016 at 11.00 AM.

**Incharge Tender Cell**

**CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA**

**आज का सार**

*लगातार बढ़ती प्रवासियों की संख्या पर काबू पाने के लिए ब्रिटेन की सरकार ने यूरोपीय संघ से बाहर के लोगों के लिए अपनी वीजा नीति में बदलाव की घोषणा की है। इससे बड़ी संख्या में भारतीय, खासतौर पर आईटी पेशेवर प्रभावित होंगे।*

# अपने-अपने दूतों को बुलाएंगे भारत, पाक?

## दोनों देश एक दूसरे के मिशनो में राजनयिक स्टाफ की संख्या कम कर सकते हैं।

**इस्लामाबाद** ■ भाषा/डेस्क

जासूसी प्रकरण पर ताजा राजनयिक तनातनी को देखते हुए भारत और पाकिस्तान तल्खी का संकेत देते हुए अपने उच्चायुक्तों को अस्थायी रूप से वापस बुला सकते हैं। दोनों देश एक दूसरे के मिशनो में राजनयिक स्टाफ की संख्या कम कर सकते हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को यह बात कही गई।

'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने कहा कि तनातनी की ताजा हालत पिछले हफ्ते उस वक्त शुरू हुई जब नई दिल्ली में पाकिस्तान के उच्चायोग के एक कर्मचारी को पुलिस ने जासूसी संबंधी आरोपों को लेकर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। अखबार ने कहा कि रिश्तों में इस ताजा तल्खी के मद्देनजर दोनों पड़ोसी देश अपने राजनयिक स्टाफ की संख्या कम कर सकते हैं।

कथित जासूसी गतिविधि के मामले में दोनों देशों की ओर से जैसे को तैसे की कार्रवाई के तहत राजनयिक स्टाफ का नाम लेने से तनाव गहरा गया।

पाकिस्तानी उच्चायोग में वीजा अधिकारी के तौर पर काम कर रहे महमूद अख्तर को बाद में भारत से निकाल दिया गया था। अखबार ने कहा, 'हालांकि भारत ने जबरन अख्तर से लिए गए बयान का इस्तेमाल करके अन्य पाकिस्तानी कर्मियों को भी फंसाया। मीडिया में ऐसे कम से कम छह अधिकारियों की पहचान लीक की गई जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ गई। इस कदम के कारण पाकिस्तान को उन्हें नई दिल्ली से वापस बुलाना पड़ा।' उसने कहा कि जैसे को तैसे की कार्रवाई के तहत पाकिस्तान ने गुरुवार को दावा किया कि इस्लामाबाद में भारत के उच्चायोग में तैनात आठ अधिकारी रॉ और आईबी के एजेंट हैं। इस खुलासे के बाद नई दिल्ली के पास इन अधिकारियों को वापस बुलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। समाचार पत्र ने लिखा कि ताजा घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने कहा कि नई दिल्ली में तैनात कुछ पाकिस्तानी अधिकारियों की पहचान का खुलासा करके भारत ने एक 'समझ' का उल्लंघन किया है।

इसमें कहा गया कि अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष जानते हैं कि कुछ अधिकारी गुप्त तरीके से काम करते हैं और वे पूर्ण आधिकारिक जानकारी के साथ ऐसा करते हैं। अधिकारी ने कहा, 'भारत ने जो किया वह सोच से परे है।' उन्होंने कहा कि भारत के इस कदम से दोनों देशों पर गंभीर असर पड़ सकते हैं।

समाचार पत्र ने कहा कि अधिकारी ने कहा कि इस विवाद का तत्काल असर यह पड़ सकता है कि दोनों देश कुछ समय के लिए उच्चायुक्तों को वापस बुला लें। अधिकारी ने कहा कि एक अन्य असर यह हो सकता है कि हालत सामान्य होने तक एक दूसरे के देश में तैनात राजनयिक स्टाफ की संख्या को 'कम' कर दिया जाए।

## भारत से अच्छे रिश्ते नहीं बना सकता पाक

**न्यूयार्क।भाषा।** भारत के पूर्व विदेश सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिवशंकर मेनन ने एटमी हथियारों से संपन्न पड़ोसी देशों यानी भारत और पाकिस्तान के बीच के रिश्तों को ''सुनियोजित वैमनस्य'' करार देते हुए कहा है कि पाकिस्तान की राज्यव्यवस्था में यह क्षमता नहीं है कि वह भारत के साथ संबंध सामान्य बनाकर रख सके। मेनन ने गुरुवार को न्यूयार्क विश्विविद्यालय के साउथ एशिया सेंटर की ओर से आयोजित एक गोष्ठी में भारत और पाकिस्तान के रिश्तों से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, 'मैं (भारत-पाक रिश्तों) को आज सुनियोजित दुश्मनी करार दूंगा। मेरा मानना है कि यह सुनियोजित है।' जब उनसे पूछा गया कि क्या वह कश्मीर के मुद्दे के समाधान की कोई संभावना देखते हैं, तो पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके मेनन ने 'ना' में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कश्मीर से जुड़े कई मुद्दे लंबे समय से बने हुए हैं और उनमें से कई के 'समाधान हम जानते हैं' लेकिन उन्हें लागू किया जाना 'राजनीतिक रूप से मुश्किल' लगता है। मेनन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि आज पाकिस्तान की राज्यव्यवस्था में भारत के साथ संबंधों को सामान्य बनाए रखने की क्षमता है। मुझे लगता है कि इसमें एक बड़ा व्यवस्थागत हित निहित है।' 'च्वाइसेजः इनसाइड द मेकिंग ऑफ इंडियन फॉरेन पॉलिसी' नामक किताब लिख चुके मेनन ने कहा कि उन्हें 'डर' इस बात का है कि यदि 'यह भारत में दलगत राजनीति का मुद्दा बन गया, जो कि हमेशा से नहीं रहा, तो यहां भी वही सब होने लगेगा।' उन्होंने जोर देकर कहा कि खासतौर पर 26/11 के मुंबई हमलों के बाद से भारत में पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंधों को लेकर उम्मीदें 'बेहद कम' हैं। उन्होंने कहा, 'असल में, मुंबई हमलों के बाद, इन मसलों को निपटाने के लिए जनता का समर्थन बेहद कम है और सीमा पार से होने वाले सिलसिलेवार आतंकी हमले भी कोई मददगार साबित नहीं होते। इन सबको देखते हुए, मैं इन सभी मुद्दों के तेजी से हल की उम्मीद नहीं करूंगा।' मेनन से कहा गया था कि सीरिया, रूस और यमन जैसे कई वैश्विक मुद्दों पर भारत का रुख अमेरिका से अलग है, तो क्या वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में अमेरिका के साथ मतदान करेगा। इसपर मेनन ने जवाब दिया कि भारत को संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था में एक सीट को लेकर चिंता में समय नहीं बिताना चाहिए। उन्होंने कहा, 'क्षमा करें, लेकिन मेरे लिए सुरक्षा परिषद में एक सीट दरअसल यथास्थिति है। यह एक सौंदर्य प्रतियोगिता है। आप एक सौंदर्य प्रतियोगिता जीतना चाहते हैं तो आगे बढ़िए और आनंद उठाइए।'

## सार समाचार

### जकार्ता के ईसाई गवर्नर को हटाने की मांग तेज

**जकार्ता।रायटर।** जकार्ता के ईसाई गवर्नर बासुकी जहजा पुरनामा को हटाने की मांग के लिए शुक्रवार को हजारों कट्टरपंथी मुसलमानों ने इस्तकलाल मस्जिद में एकत्र होना शुरू कर दिया जहां से वह राष्ट्रपति जोको विदोदो के महल जाएंगे। जकार्ता के कट्टरपंथी कुरान के कथित अपमान के कारण जकार्ता के चीनी मूल के ईसाई गवर्नर को हटाने की मांग कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने अपने समर्थक को हिंसा का रास्ता अपनाने की भी सलाह दी है। कट्टरपंथियों की धमकी को देखते हुए जकार्ता में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है और सड़कों पर सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती के अलावा बख्तरबंद गाड़ियों को भी तैनात कर दिया गया है। जकार्ता के गवर्नर 2012-14 में उप गवर्नर थे। कट्टरपंथियों का कहना है कि वह मुसलमान नहीं है।


### ब्लॉगर की रिहाई के लिए दबाव बनाए कनाडा

**ओटावा।एएफपी।** विदेश मंत्री स्टीफन डायोन ने कहा है कि वे जेल में बंद ब्लॉगर रईफ बदावी की रिहाई के लिए सउदी अरब से अधिकारिक तौर पर अनुरोध करेंगे ताकि वह कनाडा में रहने वाली अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रह सके। सउदी अरब के मानवाधिकार अधिकारी बंदर बिन मोहम्मद अल आइबान से मुलाकात से पहले डायोन ने यह टिप्पणी की। डायोन ने पत्रकारों से कहा, 'हम (सउदी के) राजा से उस व्यक्ति के लिए सजा माफी की मांग करते रहेंगे जिसने केवल अपने विचार व्यक्त किए थे और मांग करेंगे कि बदावी को उनके परिवार के साथ फिर से एक होने का मौका मिले।' इस्लाम का अपमान करने पर साल 2012 से बदावी जेल में बंद हैं और तभी से उनकी पत्नी एनसाफ हैदर अपने तीन बच्चों के साथ कनाडा में शरणार्थी के तौर पर रह रही हैं। बदावी को दस साल कैद और 1,000 बार चाबुक मारे जाने की सजा मिली है जिसमें से उन्हें 50 बार चाबुक मारा जा चुका है। इस सजा की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना हुई थी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक डायोन और अस्थायी तौर पर सउदी मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष बने अल आइबान निर्धारित मुलाकात में 'मानवाधिकार मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करेंगे और इसमें सउदी के ब्लॉगर रफी बदावी का मामला भी शामिल होगा।'

### ओबामा 'कैंपेनर इन चीफ' :ट्रंप

**जैक्सनविले।भाषा।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपने डेमोक्रेटिक विरोधी हिलेरी क्लिंटन के समर्थन में चुनावी रैलियां आयोजित करने को लेकर देश के राष्ट्रपति बराक ओबामा की आलोचना की और उन्हें 'कैंपेनर इन चीफ' कहा। ट्रंप ने उत्तर कैरोलिना के सालेमा में एक चुनावी रैली में कहा कि 'कैंपेनर इन चीफ' ओबामा प्रचार करने के अलावा कुछ नहीं करते। पुलिस के मुताबिक इस रैली में करीब 18,000 लोगों ने भाग लिया जिसे अमेरिकी मानकों के हिसाब से बड़ी संख्या माना जाता है। ट्रंप ने कहा, 'आप जानते हैं कि मैंने पहले कहा है कि 'उन्हें हमारी नौकरियां चुराने वाले मेक्सिको से नौकरियां वापस लाने के लिए काम करने दीजिए। उन्हें हमारी कमजोर हो चुकी सेना को फिर खड़ा करने का काम करने दीजिए।' उन्होंने कहा, 'इसके बजाए, वह उस उम्मीदवार के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं जो एफबीआई की जांच के दायरे में है।'

## ओबाम ने माना, हिलेरी व ट्रंप में है कड़ी टक्कर



**जैक्सनविल (अमेरिका)।भाषा।** अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने माना है कि राष्ट्रपति चुनाव में उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी की हिलेरी क्लिंटन और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला करीब का होगा। इसके साथ ओबामा ने अपने समर्थकों से बाहर निकलकर बड़ी संख्या में वोट करने का आग्रह किया। ओबामा ने फ्लोरिडा के जैक्सनविल में गुरुवार को एक चुनावी रैली में अपने हजारों समर्थकों से कहा, 'मैं यहां आप सब को यह बताने के लिए हूं कि यह मुकाबला करीब का होगा और आप इसे हल्के में नहीं ले सकते।' ओबामा ने गुरुवार को फ्लोरिडा में दो रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'अगर हम यह चुनाव नहीं जीतते हैं तो हमने पिछले आठ साल में जितनी प्रगति की है वह मिट्टी में मिल जाएगी। इसलिए हमें इस चुनाव में यह सोच कर काम करना होगा कि हमार भविष्य इस पर निर्भर करता है। आपको पता है कि हमारा भविष्य इस पर निर्भर करता है।'हिलेरी क्लिंटन के लिए एक मजबूत जमीन तैयार करते हुए, ओबामा ने कहा कि इस दौड़ में सिर्फ एक उम्मीदवार ऐसी है जिन्होंने अपना पूरा जीवन अमेरिका की उन्नति के लिए समर्पित कर दिया और वहीं अमेरिका की अगली राष्ट्रपति हैं, हिलेरी क्लिंटन। ओबामा ने कहा कि व्हाइट हाउस में प्रवेश के लिए ट्रंप योग्य नहीं हैं। इस पद के लिए क्लिंटन सबसे योग्य हैं। उन्होंने दर्शकों की वाहवाही के बीच कहा, 'एक तरफ आपको एक ऐसा व्यक्ति मिला है जिसके बारे में आप जानते हैं कि वह योग्य नहीं है दूसरी तरफ एक ऐसी इनसान हैं जो उत्कृष्ट रूप से योग्य हैं तो अब एक ही चीज करने के लिए बाकि है और वह मतदान है।' उन्होंने कहा, 'एक तरफ ऐसा व्यक्ति है जो हमारे लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाएगा, जो विशिष्ट रूप से अयोग्य है और अधिक योग्य बनने में कोई रुचि नहीं दिखाता।

## द. कोरिया में दस महीने में 'थाड' की तैनाती

**सोल।रायटर।** दक्षिण कोरिया में आठ से दस महीनों के भीतर अमेरिकी रक्षा प्रणाली 'थाड' की तैनाती की जाएगी। दक्षिण कोरिया में अमेरिकी सेना के कमांडर विंसेंट ब्रूक्स ने योनहाप संवाद समिति को शुक्रवार को 'थाड' की तैनाती की योजना के बारे में बताया। योनहाप के मुताबिक उत्तर कोरिया की किसी भी कार्रवाई के खिलाफ रक्षा के लिए कोरियाई प्रायद्वीप में थाड की तैनाती की जाएगी। गौरतलब है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया से खतरों के खिलाफ रक्षा के लिए दक्षिण कोरिया में थाड की तैनाती पर सहमत हुए थे। चीन इस फैसले से क्रोधित है क्योंकि उसे डर है कि थाड के शक्तिशाली रडार तंत्र से उसकी सीमा के अंदर की गतिविधियों का भी पता लगाया जा सकता है। उत्तर कोरिया ने इस साल दो एटमी परीक्षण और कई बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसके कारण कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है।

# तुर्की में विस्फोट: एक मरा, 30 घायल

**दियाबाकिर** ■ रायटर/डेस्क

तुर्की में 11 सांसदों को हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटों बाद दियाबाकिर शहर में शुक्रवार को एक जबरदस्त विस्फोट हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। ऐसा माना जा रहा है कि विस्फोट का कारण कार बम था।

एनटीवी ने यह जानकारी दी। दियाबाकिर में कुर्द समर्थित पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचडीपी) के 11 सांसदों को कुर्द आतंकवादी समूह पीकेके के साथ संबंध होने का आरोप लगाते हुए हिरासत में लिया गया था।

सुरक्षा सूत्र ने बताया कि बगलार प्रांत में यह विस्फोट उस पुलिस स्टेशन के निकट हुआ जहां इन सांसदों को पुलिस ने हिरासत में रखा है। एचडीपी तुर्की की 550 सीटों वाली संसद में 59 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। इस बीच इंटरनेट पर नजर रखने वाले एक समूह ने बताया कि तुर्की में ट्विटर और व्हाट्सएप को बंद कर दिया गया है।

## कुर्द समर्थित 15 सांसद हिरासत में

**अंकारा।रायटर।** तुर्की में पुलिस ने कुर्द समर्थित पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचडीपी) के 15 सांसदों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आतंकवादी साजिश से जुड़े अपराध में प्रमाण देने से मुकरने के आरोप में अंकारा में नेता सेलाहट्टिन देमिरतास और दियारबाकिर में फिगेन युकसेकदग के घरों पर छापा मारा। पुलिस ने पार्टी मुख्यालय पर भी छापेमारी की और इस दौरान सभी प्रमुख मार्गों को बंद कर दिया। इन दो प्रमुख नेताओं के अलावा पार्टी के 13 अन्य सांसदों को भी हिरासत में लिया गया। एचडीपी तुर्की की 550 सीटों वाली संसद में 59 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। तुर्की ने एचडीपी पर कुर्द आतंकवादी समूह पीकेके के साथ संबंध होने का आरोप लगाया।

# सीरिया में रूसी हेलीकॉप्टर पर गोलीबारी

**बेरूत** ■ रायटर/डेस्क



सीरिया में पलमाइरा शहर के पास एक रूसी हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया और उतारे जाने के बाद उस पर गोलीबारी हुई लेकिन चालक दल के सदस्य हेमइमिम हवाई अड्डे पर सुरक्षित लौट आए।

रूसी संवाद समितियों ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। हालांकि आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक समाचार एजेंसी 'अमाक' ने कहा कि मध्य सीरिया के पूर्वी होम्स प्रांत में एक ग्रामीण इलाके हुवेसिस में एक रॉकेट हमले में रूसी सेना के हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया गया।

सीरियाई सरकारी न्यूज एजेंसी सना ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि पलमाइरा के पास एक रूसी हेलीकॉप्टर और उसके चालक दल के सदस्य आग की चपेट में आ गए। इंटरफैक्स समाचार एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। चालक दल के सदस्य हालांकि सुरक्षित है और वे हेमइमिम हवाई अड्डे पहुंच गए हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर से पलमाइरा से उत्तरपश्चिम में 40 किलोमीटर दूर राहत साम्रगी ले जाई जा रही थी। इस बीच सीरियाई मानवाधिकार संगठन ने कहा कि हुवेसिस क्षेत्र में उतरते समय एक हेलीकॉप्टर आग की चपेट में आ गया।

## ग्यून हेय का एक पूर्व सहयोगी गिरफ्तार

**सोल।रायटर।** दक्षिण कोरिया के अभियोजकों ने राष्ट्रपति पार्क ग्यून हेय के एक पूर्व सहयोगी को गिरफ्तार किया है। योनहाप संवाद समिति ने शुक्रवार को बताया कि पार्क के लंबे समय तक सहयोगी रहे जिओंग हो सिओंग को गोपनीय दस्तावेजों को लीक करने के आरोप में गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। अभियोजकों ने हालांकि इस रिपोर्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इससे पहले भी दक्षिण कोरिया के अभियोजकों ने पार्क के पूर्व सहयोगियों अन चोंग बम और चोई सून सिल को हिरासत में लिया गया था। अभियोजक उन आरोपों की जांच कर रहे हैं जिसमें पूर्व वरिष्ठ सलाहकार अन चोंग बम और राष्ट्रपति की एक पुरानी मित्र चोई सून सिल ने गैर लाभकारी संस्थानों के लिए दबाव डालकर लिया गया चंदा जुटाया या नहीं। आरोप है कि यह चंदा उन्होंने राष्ट्रपति से अपनी मित्रता का लाभ उठाकर लिया।

## समाचार खास

# क्यूरियोसिटी ने मंगल पर खोजा 'एग रॉक'

**वॉशिंगटन** ■ भाषा/डेस्क

मंगल ग्रह के रहस्यों को सुलझाने की कोशिश कर रहे नासा के रोवर कयूरियोसिटी ने उसकी सतह पर गोल्फ की गेंद के आकार का एक गोल पत्थर खोजा है। इससे यह बात की पुष्ट हो चुकी है कि आयरन और निकल वाला यह उल्कापिंड लाल गृह के आकाश से गिरा है। इस पत्थर का नाम 'एग रॉक' रखा गया है। नासा ने बताया कि पृथ्वी पर आम तौर पर अंतरिक्ष से गिरे उल्कापिंड आयरन और निकल तत्वों के ही बने होते हैं। मंगल में भी पहले इस तरह के उदाहरण देखे गए हैं लेकिन यह पहला मौका है जब एग रॉक का अध्ययन लेजर युक्त स्पेक्ट्रोमीटर से किया गया है। इस तरह के अध्ययन के लिए रोवर की टीम ने क्यूरियोसिटी के कैमिस्ट्री एंड कैमरा (चेमकैम) उपकरण का उपयोग किया। मंगल विज्ञान प्रयोगशाला (मार्स साइंस लेबोरेटॅरी, एमएसएल) परियोजना के वैज्ञानिक ही रोवर का संचालन कर रहे हैं और उन्होंने क्यूरियोसिटी के मास्ट कैमरा (मास्टकैम) से ली गई तस्वीरों में एग रॉक को पहली बार देखा। यह तस्वीर लाल ग्रह पर उस जगह की है जहां रोवर 27 अक्तूबर को गया था। चेमकैम की टीम के सदस्य पियरे येज मेसलिन ने बताया कि जब हमें नई जगह की मास्टकैम तस्वीरें मिलीं तो इसके आकार, रंग और बनावट ने एमएसएल के कुछ वैज्ञानिकों का ध्यान खींचा। मेसलिन नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च (सीएनआरएस) और फ्रांस स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ ताउलाउस से जुड़े हैं।

इस एग रॉक में चेमकैम ने आयरन, निकल, फॉस्फोरस जैसे तत्व पाए। वैज्ञानिक इस एग रॉक में दर्जनों लेजर कंपन से प्रकाश पुंज उत्पन्न कर उसके माध्यम से इसकी संरचना का विश्लेषण कर रहे हैं। मेसलिन ने कहा कि कुछ बिंदुओं पर निकल और फॉस्फोरस की प्रचुरता से आयरन निकल फॉस्फाइड खनिज की मौजूदगी का संकेत मिलता है जो कि आयरन निकल युक्त उल्कापिंडों के अलावा दुर्लभ होती है।

## पेरिस जलवायु समझौता लागू

**वाशिंगटन।रायटर।** जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए पिछले साल हुआ पेरिस जलवायु समझौता शुक्रवार से लागू हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु प्रमुख पैट्रिशिया एस्पिनोसा ने कहा, यह खुशी मनाने का मौका है। अब हमें विश्व में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों से मजबूती से निपटने की जरूरत है। इस ऐतिहासिक क्षण की अभिव्यक्ति भारत और अन्य देश अपनी अहम इमारतों और स्मारकों पर 'वी डिड इट' यानि 'हमने कर दिखाया' के नारे के साथ करेंगे। भारत पेरिस जलवायु समझौते को दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के दिन मान चुका है। भारत में भी शुक्रवार को पर्यावरण मंत्रालय की इमारत के एक हिस्से पर रोशनी में स्माइली का प्रदर्शन किया जाएगा जिसके पीछे ग्लोब की छवि दिख रही होगी। इसी तरह की तस्वीरों का दुनिया के अन्य कई हिस्सों में भी प्रदर्शन होगा। समझौते के शुक्रवार को लागू होने से 200 देशों पर इस चुनौती से निपटने के लिए योजनाओं के शुरु करने का दबाव भी होगा।

## लीबिया तट के पास 240 शरणार्थी डूबे!

**जेनेवा।रायटर।** संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी ने लीबिया तट के पास नौका डूबने की दो घटनाओं में 240 लोगों के डूबकर मरने की आशंका जताई है। शरणार्थियों के अंतरराष्ट्रीय संगठन (आईओएम) के मुख्य प्रवक्ता लियोनार्ड डॉयले ने कहा कि पिछले 48 घंटों के दौरान हुए हादसों में करीब 240 लोगों के मारे जाने की आशंका है। इटली तटरक्षक दल के सहयोग से पांच बचाव नौकाएं अभियान में लगी रहीं लेकिन ज्यादातर लोगों के मारे जाने की आशंका है। इस हादसे के साथ जोखिम भरे भूमध्य सागर पार करते समय 4220 से ज्यादा प्रवासियों की मौत हो चुकी है या वे लापता हो गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हुए दो जहाजों से बचाए गए 31 लोगों को इटली के लेंपेडुसा द्वीप लाया गया। उन लोगों ने बताया कि रबड़ की वह डोंगियां गहरे समुद्र में डूब गईं, जिन पर सवार होकर वह लीबिया से निकले थे। पहली डोंगी में छह बच्चों और 20 महिलाओं सहित 140 लोग सवार थे। लीबिया तट से करीब 40 किलोमीटर दूर डोंगी के निचले हिस्से में लगी लकड़ी का हिस्सा टूटने के बाद हादसा हुआ। इस घटना में 29 लोगों को बचाया गया और 12 शव निकाले गए। एक अलग अभियान में नौका के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बचावकर्मियों ने दो महिलाओं को बचाया जबकि 128 लोग डूबकर मर गए।

## इंडोनेशिया में नौका हादसा:अब तक 36मरे, 24 लापता

**जकार्ता।रायटर।** मलेशिया से इंडोनेशिया के प्रवासी मजदूरों को लेकर लौट रही एक स्पीड बोट के बाटम द्वीप के पास समुद्र में डूबने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है और 24 लोग लापता है। पुलिस ने बताया कि गत बुधवार को हुए हादसे के बाद राहत एवं बचाव अभियान चल रहा है और अभी 24 लापता लोगों की तलाश की जा रही है। इस नौका में लगभग 98 प्रवासी मजदूर सवार थे। स्पीड बोट मलेशिया के जोहेर प्रान्त से रवाना हुई थी और वह इंडोनेशिया के बाटम द्वीप आ रही थी। यह द्वीप सिंगापुर के निकट उसके पश्चिम में है।

# ब्रिटेन में वीजा नीति में बदलाव

**लंदन** ■ भाषा/डेस्क

लगातार बढ़ती प्रवासियों की संख्या पर काबू पाने के लिए ब्रिटेन की सरकार ने यूरोपीय संघ से बाहर के लोगों के लिए अपनी वीजा नीति में बदलाव की घोषणा की है। इससे बड़ी संख्या में भारतीय, खासतौर पर आईटी पेशेवर प्रभावित होंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय की ओर से गुरुवार शाम को घोषित नए वीजा नियमों के मुताबिक, टियर 2 इंट्रा कंपनी ट्रांसफर (कंपनी के भीत) वर्ग के लिए 24 नवंबर के बाद आवेदन करने वालों के लिए अनिवार्य वेतन की न्यूनतम सीमा 30 हजार पाउंड की होगी। पहले यह सीमा 20,800 पाउंड थी। आईसीटी माध्यम का इस्तेमाल अधिकतर ब्रिटेन स्थित भारतीय आईटी कंपनियां करती हैं और ब्रिटेन की आव्रजन सलाहकार समिति ने पाया कि इस साल की शुरुआत में इस रास्ते से जारी वीजाओं में से लगभग 90 प्रतिशत वीजाओं पर भारतीय आईटी पेशेवर तैनात हैं।

इस बदलाव की घोषणा ब्रितानी प्रधानमंत्री थेरेसा मे के तीन-दिन की भारत यात्रा के लिए रविवार को भारत पहुंचने से कुछ ही दिन पहले की गई है। ब्रिटेन के गृहमंत्रालय के एक बयान में कहा गया, 'टियर 2 में लाए गए बदलावों के दो चरणों में से पहले चरण की घोषणा सरकार ने मार्च में की थी। यह घोषणा स्वतंत्र आव्रजन सलाहकार समिति की समीक्षा के बाद की गई थी। यदि इस बारे में इसके उलट कोई आदेश नहीं आता है तो इसे 24 नवंबर से लागू किया जाएगा।' टियर 2 आईसीटी के लिए न्यूनतम वेतन सीमा बढ़ा देने के अलावा एक अन्य बदलाव भी है, जिसके तहत अनुभवी कर्मचारियों के लिए वेतन सीमा बढ़ाकर 25 हजार पाउंड कर दी गई है। इसमें कुछ अपवाद भी शामिल हैं। टियर 2 (ःआईसीटी) स्नातक प्रशिक्षु के वेतन की सीमा 23 हजार पाउंड कर दी गई है और हर साल, प्रति कंपनी पदों की संख्या बढ़ाकर 20 कर दी गई है और टियर 2 (आईसीटी) कौशल स्थानांतरण की उपश्रेणी को बंद कर दिया गया। टियर 4 श्रेणी के लिए भी कई बदलावों की घोषणा की गई है। डॉक्टरेट विस्तार योजना के लिए रखरखाव संबंधी अनिवार्यताएं इसमें आती हैं। भारतीयों के साथ-साथ यूरोपीय संघ के बाहर के नागरिक ब्रिटेन में ढाई साल के बाद परिवार के एक सदस्य के रूप में नागरिकता हासिल करने के लिए आवेदन करने पर, अंग्रेजी भाषा की नई अनिवार्यताओं से भी प्रभावित होंगे। यह ब्रिटेन में पांच साल के लिए बसने के रास्ते पर लागू होगा। नई अनिवार्यता उन साथियों और माता-पिता पर लागू होगी, जिनकी परिवार आव्रजन नियमों के तहत ब्रिटेन में रहने की मौजूदा छुट्टी एक मई 2017 को या उसके बाद समाप्त होने वाली है।

ये सभी बदलाव दरअसल टियर 2 आईसीटी मार्ग पर नियंत्रण करने और विदेशी कर्मचारियों पर निर्भरता कम करने के लिए इस साल की शुरुआत में आव्रजन सलाहकार समिति की सलाह के बाद जारी किए गए हैं। समिति की रिपोर्ट में कहा गया था, 'ब्रिटेन के श्रमबल को प्रशिक्षित करने और उनके कौशल को बढ़ाने के लिए (आव्रजन) नियोक्ताओं के लाभों को बढ़ाने के काम नहीं आ रहा। भारत के कुशल आईटी पेशेवरों तक पहुंच इस बात का एक उदाहरण है।'

इसमें कहा गया, 'हमें लंबे समय से चले आ रहे प्रबंधों के बदले में ऐसी किसी व्यवस्था का ठोस सबूत नहीं दिखा, जहां ब्रिटेन के कर्मचारियों को भारत में काम करके कौशल, प्रशिक्षण और अनुभव हासिल करने का मौका दिया गया हो।'

**WINSOME BREWERIES LIMITED**
**Regd. Office :** Vill. : Sarehkhurd, Tehsil Tijara, Distt. Alwar (Rajathan)
**Corp. Office:** D-61, Okhla Industrial Area, Phase-I, New Delhi - 110 020
**CIN :** L15511RJ1992PLC014556,
**Website :** www.winsomeindia.in
**Ph.:** 011-26811299, 2707, **Fax :** 011-26815222
**Mail :** rkbindia@hotmail.com

**NOTICE**

We would like to inform you that in terms of Regulation 29 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 a meeting of the Board of Directors of the Company is proposed to be held on 14th day of November, 2016 at the Corporate Office at D-61 Okhla Industrial Area Phase -1 New Delhi-110020 At 11:00 A.M inter alia, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended September 30, 2016.

Further, in accordance to the Company's Code of Conduct for Prevention of Insider Trading read with applicable provisions of the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015, the Trading Window for dealing in the securities of the Company shall remain closed from November 7, 2016 to November 16, 2016 (both days inclusive).

For **Winsome Breweries Limited**
Sd/-
**Rajendra Kumar Bagrodia**
**Managing Director**
**DIN : 00178250**
**Date : 04.11.2016**
**Place : New Delhi**
**Add.: S-521, G.K.-II, New Delhi -110048**

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
**(सीआईएन : CIN : L24117RJ1979PLC002099)**
**पंजी. कार्यालय** : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर -301030 (राजस्थान)
**कार्पोरेट कार्यालय** : ए 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
फोन: 011-46865999, 41627937, **फैक्स** : 011- 46865930
**वेबसाइट** : www.lordschloro.com **ई-मेल** : secretarial@lordschloro.com

**सूचना**

एतदद्वारा सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **शुक्रवार, 11 नवंबर, 2016** को कार्पोरेट कार्यालय, ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य विषयों के साथ, 30 सितम्बर, 2016 को समाप्त **द्वितीय तिमाही / अर्द्ध वार्षिक** हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित, अनुमोदित और अभिलेखबद्ध किए जाएंगे।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
अजय विरमानी
प्रबंध निदेशक

सीन : नई दिल्ली
तिथि : 4 नवंबर, 2016